## खबर संक्षेप

### मकान गणना की ड्यूटी कर रहे पटवारी को अज्ञात 407 ने पीछे से मारी टक्कर



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सैलवाड़ा में मकान गणना सर्वे में पदस्थ पटवारी शैलेंद्र गौड़ 37 निवासी सिंग्रामपुर को सुबह 11 बजे 407 वाहन ने पीछे से टक्कर मारकर मौके से चालक वाहन लेकर भाग गया। पटवारी की हालत गंभीर बनी हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरआई करन सिंह ने बताया कि पटवारी शैलेंद्र गौड़ सैलवाड़ा में मकान सर्वे का कार्य कर रहे थे सडक किनारे खडे हुए थे उसी समय एक 407 जिसको पटवारी पहचानते हैं ने तेज गति से रिवर्स करते समय पीछे खडे पटवारी को टक्कर मार दी। पटवारी जमीन पर गिर सिर से खून बहने लगा। पटवारी के द्वारा अपने अधिकारियों को सूचना दी गई तुरंत ही नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी अपने स्टाफं के साथ सैलवाड़ा पहुंचे। घायल पटवारी शैलेंद्र को लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य आए जहां पर सिर में गंभीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद पटवारी दिनेश प्यासी, शिव राय, समीर खान, सोनेलाल एवं अधिकारियों के साथ जबलपुर मेडीकल कांलेज पहुंचे जहां पर पटवारी का इलाज जारी हैं।

### वेक्सीनेशन सत्र का हटा एसडीएम ने लिया जायजा, ग्रामीणों ने पानी की समस्या भी बताई, अमले को दिए निर्देश

**दमोह।** अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम ने आज हटा ब्लॉक के पुरानाखेड़ा में आयोजित ह्र्द्ध वेक्सीनेशन सत्र का जायजा लिया, उन्होंने यहॉ बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल और स्वास्थ्य अमले से वेक्सीनेशन कार्य की जानकारी ली और ग्रामीणों अविभावकों को वेक्सीनेशन के लिए प्रेरित भी किया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या से अवगत कराते हुए हैंडपंप लगवाने की मांग की जिस पर एसडीएम ने फोन पर पीएचई के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था हेतु हैंडपंप लगाने के निर्देश दिए और ग्रामीणों को जलसंकट दूर करने का आश्वासन दिया। एसडीएम राकेश मरकाम और बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल ने गांव के लोगो से बच्चो को वैक्सीन लगवाने, स्वास्थ्य परीक्षण की अपील की, इस दौरान बीसीएम देवेंद्र ठाकुर ,संस्कार गुप्ता, एएनएम और स्वास्थ्य कर्मचारी मोजूद रहे।

## रानी दुर्गावती अभ्यारण्य में बनेगा साउंडग्रुफ फ्लाईओवर

# वन विभाग से मिली एनओसी अब वाइल्ड लाइफ मंजूरी ढ़ाई हजार करोड़ से बनेगी सड़क

### वन्यजीवों को ध्यान में रखते हुए नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट में बदलाव

**पीपुल्स प्रवक्ता तेंदूखेड़ा।**

दमोह से जबलपुर के बीच जो एनएच-34 है, उसको अपग्रेड करने का काम शुरू होने वाला है। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से पहले ही इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। यह बदलाव वन्य जीवों को देखते हुए किया गया है। इसके तहत वन्य जीवों को सुरक्षित रखने के लिए रानी दुर्गावती अभयारण्य में 3.5 किलोमीटर लंबा साउंडप्रूफ फ्लाई ओवर बनाया जाएगा। साउंडग्रुफ फ्लाईओवर बनाने का मकसद वन्यजीवों पर सड़क के शोर और आवाजाही के असर को कम करना है ताकि ऊपर से गुजर रहे वाहनों के कारण वन्यजीवों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। यह हाईवे परियोजना साल 2022 से प्रस्तावित है और इसकी लंबाई करीब 100 किलोमीटर है। शुरुआत में इसे सामान्य सड़क के रूप में तैयार किया जाना था, लेकिन वन क्षेत्र से गुजरने की वजह से पर्यावरणीय मंजूरियों में देरी होती रही। अब डिजाइन में बदलाव करते हुए फ्लाईओवर का विकल्प चुना गया है, ताकि जंगल और वन्य जीवों को कम से कम नुकसान पहुंचे।



**प्रोजेक्ट की बढ़ जाएगी लागत:** पहले इस प्रोजेक्ट की लागत करीब 335 करोड़ रुपए आंकी गई थी, जो बाद में बढ़कर लगभग 990 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। अब साउंडप्रूफ फ्लाईओवर जोड़ने के बाद लागत में और बड़ा इजाफा होगा और यह प्रोजेक्ट करीब दो हजार करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। फ्लाईओवर के निर्माण से बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई से भी बचा जा सकेगा। बताया जा रहा है कि करीब 4600 पेड़ों को काटने की बजाय स्थानांतरित किया जाएगा।

**सड़क डिजाइन भी बदलेगा:** सड़क की डिजाइन में भी बदलाव किया गया है। पहले दमोह से अभाना तक करीब 20 मीटर चौड़ी फोरलेन सड़क प्रस्तावित थी, लेकिन स्थानीय आबादी और वन क्षेत्र को देखते हुए इसे कुछ हिस्सों में कम चौड़ा किया गया है। कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई 10-10 मीटर तक सीमित रखने की योजना है, ताकि कम से कम पेड़ प्रभावित हों। इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है, लेकिन वन एवं वन्यजीव से जुड़ी अंतिम मंजूरी अभी बाकी है। माना जा रहा है कि नेशनल वाइल्डलाइफ बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद ही निर्माण कार्य पूरी तरह शुरू हो सकेगा।

**केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया था भूमिपूजन:** तत्कालीन सांसद प्रहलाद पटेल ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सामने इस सड़क को एनएचएआई में शामिल कराने का प्रस्ताव रखा था। ओरछा और जबलपुर में केंद्रीय परिवहन मंत्री गड़करी ने इस सड़क का भूमिपूजन किया था। करीब 100 किमी लंबी इस सड़क में 74 किमी सामान्य क्षेत्र और 26 किमी हिस्सा जंगल से होकर गुजरता है

**इनका कहना:** एनएचएआई के महाप्रबंधक अमृतलाल साहू के अनुसार प्रोजेक्ट वन विभाग की पहली मंजूरी पार कर चुका है, लेकिन अभी वाइल्ड लाइफ एनओसी मिलना बाकी है। इसके बिना न तो टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी और न ही निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा।

## किसानों को आसानी से खाद एवं बीज की उपलब्धता रहे

# कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएः प्रभारी मंत्री राकेश सिंह

**पीपुल्स प्रवक्ता बनखेड़ी।**

नर्मदापुरम जिले के समस्त किसानों को सहजता से एवं आसानी से खाद की उपलब्धता हो साथ ही खाद एवं बीज की कालाबाजारी करने वालो पर सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए, कृषि विभाग आगामी फसल के लिए अभी से खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ई विकास पोर्टल से किसान खाद के लिए आसानी से अपने खाद का ऑर्डर बुक कर सके इसके लिए कृषि विभाग आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। साथ ही जिन किसानों का नंबर जिस दिन आ रहा है उन किसानों को उसी दिन खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी खरीदी केंद्र में किसानों की लंबी-लंबी कतारे ना लगे, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर बैठक कर इसका उचित समाधान करें। किसानों को खरीदी केंद्र में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उक्त निर्देश प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदा पुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में दिए। प्रभारी मंत्री ने प्रतिनिधियों द्वारा तौल कांटों के संबंध में गड़बड़ी की आशंका की जानकारी संज्ञान में लाने पर कलेक्टर को निर्देश दिये की वे खरीदी केन्द्रों के तौल कांटों की जांच प्राथमिकता से कराए। प्रभारी मंत्री ने बैठक में कृषि विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगरीय विकास से संबंधित पेयजल योजना, गेहूं उपार्जन आदि की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने बैठक में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि वह सेठानी घाट पर आने वाले असामाजिक तत्वों एवं नशेड़ियों के विरुद्ध कल से ही प्रभावशाली कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदा पुरम जिले के विधायक डॉक्टर सीता सरन शर्मा, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह, सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेम शंकर वर्मा, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती राधा सुधीर पटेल, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री भूपेंद्र चौकसे, जनप्रतिनिधि श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला एवं सभी नगर पालिका एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष गण, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस थोटा, वन मंडलाधिकारी श्री गौरव शर्मा सहित सभी संबंधित विभाग के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों ने जो समस्याएं सामने रखी है उन समस्याओं पर विचार करें। उन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। उन्होंने कहां की जिले में कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित ना हो, साथ ही जिले में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति चाक चौबंद रहे। उन्होंने जन प्रतिनिधियों की मांग पर रेवा बनखेड़ी रोड एवं अन्य सड़कों पर किए गए अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने नल जल योजना एवं पेयजल की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि खापरखेड़ी ग्राम पंचायत में हर हाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कहीं भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित ना हो, यदि कहीं ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है तो जनप्रतिनिधि गण लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के अधिकारियों साथ समन्वय कर पेयजल समस्या का निराकरण करें। उन्होंने तिलक सिंदूर में पर्यावरण अनुकूल अस्थाई सामुदायिक शौचालय निर्माण कराने के निर्देश दिए और कहां की तत संबंध में वन विभाग आवश्यक अनुमति जारी करें। वन विभाग शासन से स्वीकृत सड़कों पर डामरीकरण या मुरमी करण करने के लिए विशेष अनुमति जारी करें। अनुमति के अभाव में सड़क निर्माण का कार्य किसी भी स्थिति में रुकना नहीं चाहिए। इसके कारण कार्य बाधित न हो। गेहूं उपार्जन की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए की दूरस्थ स्थित गेहूं खरीदी केंद्र पर पुनः विचार करते हुए यदि संभव हो तो दूरी कम करते हुए किसानों को सहूलियत प्रदान की जाए। उल्लेखनीय है की विधायक गणों ने प्रभारी मंत्री का ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया था कि कई खरीदी केंद्र 20 से 25 किलोमीटर दूर है वहां तक पहुंचने में किसानों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यदि नजदीक में खरीदी केंद्र हो तो किसान आसानी से अपनी उपज बेच सकेंगे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बताया कि जहां-जहां नल जल योजनाएं पूर्ण हो चुकी है वहां पर समारोह पूर्वक नल जल योजनाएं ग्राम पंचायतो को हैंडोवर की गई है। प्रत्येक सोमवार को समिति वार खाद की उपलब्धता की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि खाद वितरण आसानी से हो इसके लिए काउंटरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके पूर्व उपसंचालक कृषि ने यूरिया डीएपी एसएसपी, एनपी के, एनओपी की उपलब्धता की जानकारी दी साथ ही बताया कि कृषक ई विकास पोर्टल से निर्धारित उर्वरक के अलावा अतिरिक्त उर्वरक भी प्राप्त कर सकते। उन्होंने सहकारी संस्था में धान, सोयाबीन, ज्वार, मक्का, अरहर, उड़द, मूंग कोदो और कुटकी राम तिल तथा मूंगफली के बीज की उपलब्धता की जानकारी से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया।

# आगजनी प्रभावितों से मिले आयोग सदस्य मंगल सिंह धुर्वे, दिए शीघ्र राहत के निर्देश

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**

मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग के सदस्य मंगल धुर्वे ने शुक्रवार को बैतूल जिले के भैंसदेही विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाशिंदा अंतर्गत बर्राढाना में हुई दुःखद आगजनी घटना स्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान मध्य प्रदेश राज्य अनुसूचित जनजातीय आयोग के सदस्य श्री धुर्वे ने राहत शिविर में प्रभावित परिवारों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा शासन-प्रशासन के माध्यम से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो तथा सभी प्रभावित परिवारों तक शीघ्र आवश्यक सहायता पहुंचे। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन इस संकट की घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है



तथा उनके पुनर्वास एवं सहायता के लिए पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पाठ्य सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भैंसदेही एसडीएम अजीत मेरावी, तहसीलदार वसंत बर्खानिया सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाखों अतिथि शिक्षकों के साथ शासन कर रहा अन्याय

### आक्रोशित अतिथि शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**



समस्त अतिथि शिक्षक द्वारा आयुक्त महोदय, लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल के नाम से अतिथि शिक्षक नवीन पंजीयन पूर्णतः बंद करने एवं पुराने को कार्य अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर प्रति वर्षानुसार बोनस के 10 अंक (अधिकतम 18 वर्षो के 180 अंक) स्कोर कार्ड में जोड़ने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा। वर्तमान में पूरे प्रदेश में अतिथि शिक्षकों के नवीन पंजीयन किए जा रहे हैं। जिसके कारण विगत 18 वर्षो से पूर्ण, निष्ठा, लगन व ईमानदारी के साथ सेवा देते आ रहे है।

ऐसे अतिथि शिक्षकों के मन में घोर असंतोष, निराशा और आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि लाखों की संख्या में अतिथि शिक्षक पूर्व से ही पंजीकृत है। जिन्हें शत प्रतिशत रोजगार देना संभव नहीं है। ऐसे में यदि पुनः नवीन पंजीयन होंगे तो पूर्व से पंजीकृत अनुभवी अतिथि शिक्षकों के साथ कुठाराघात और घोर अन्याय होगा और ऐसी स्थिति में पुराने अतिथि शिक्षक बेरोजगार होकर सडक़ पर आ जायेंगे। जिनके परिवारों का भरण पोषण कर पाना असंभव होगा और वह भूखे मरने की कगार पर आ जाएगें। जिसके दोषी सरकार और आलाधिकारियों होंगे। कार्याअनुभव और वरिष्ठता के आधार पर प्रति वर्षानुसार बोनस के 10 अंक, स्कोर कार्ड में जोडक़र सत्र 2026-27 जारी किया जाए। जिससे पुराने अतिथि शिक्षकों को 18 वर्षो की तप- तपस्या और सेवा का उचित लाभ। इस अवसर पर संघ के दीपक गोचरे, भारती सोनी, यमन जाधव, प्रीतमा जोशी, संजय उइके, मानक परते, सुनीता सूर्यवंशी, महेन्द्र पवार, दीपक सोनी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

### मानव अधिकार आयोग व महिला थाना के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग एवं महिला थाना दमोह के मार्गदर्शन में शक्ति फाउंडेशन एवं समग्र कल्याण समिति द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के फुटेरा वार्ड क्रमांक-02 में महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी, सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गा विश्वकर्मा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (पॉश एक्ट), शिक्षा एवं संपत्ति अधिकार सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को 112, 1090 और 181 हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग एवं महत्व से अवगत कराया गया।उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति जैसे अभियान महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं आत्मरक्षा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वहीं केसर सूर्यवंशी ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित एंटी रोमियो टीम की कार्यप्रणाली और सार्वजनिक स्थलों व कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के उपायों पर प्रकाश डाला।

# पर्यावरण की दिशा में समितियां लोगों को जागरूक करें:बुधपाल सिंह ठाकुर

### प्रस्फुटन समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**



भारत भारती परिसर में प्रस्फुटन समितियों का विकासखण्ड मुलताई, आठनेर, पट्टन, भैंसदेही का दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अशासकीय सदस्य, जन अभियान परिषद, बैतूल बुधपाल सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस मौके पर बुधपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि जन अभियान परिषद ग्राम की जन संपदा, वन संपदा, जल संपदा एवं भू-संपदा के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि परिषद को पर्यावरण के लिए कार्य करते हुए लोगों को भी जागरूक करना होगा। वरिष्ठ समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने प्रस्फुटन समिति के सदस्यों को स्वाभिमानी एवं स्वावलंबी समाज के निर्माण के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी एवं जिला समन्वयक नर्मदापुरम पवन सहगल, संतोष राजपूत एवं श्रीमती मधु चौहान द्वारा लिए गए। साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा एवं सतत विकास लक्ष्य पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को जितेंद्र तिवारी द्वारा जैविक कृषि प्रकल्प का भ्रमण भी कराया गया, जिससे उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि विकासखण्ड समन्वयक जयप्रकाशी धुर्वे, विकास कुमरे, दिनेश पवार उपस्थित रहे।

### शनि जयंती 16 मई को, श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में होंगे विविध आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**



ज्येष्ठ माह की 16 मई को शनि जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही भक्ति भाव से मनाने के लिए एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शनि जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने हेतु निर्णय लिया गया। इस दिन बट सावित्री व्रत के भी होने के कारण भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए यह दिन शुभ फलदायक होता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुबह से पूजन प्रारंभ हो जाएगा दोपहर 3ः00 बजे से श्री शिव जी शनिदेव हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात हवन पूजन भी संपन्न कराया जाएगा। इसके उपरांत शाम 6ः00 बजे से विशेष रूप से नगर भंडारे का आयोजन किया गया है। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बातें हैं कि शनि जयंती शनिवार के दिन पड़ रही है जिसका यहां से इसका विशेष महत्व माना गया है।

शनि देव पूजा विधि - एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर के पुजारी पं बालकृष्ण शास्त्री एवं आचार्य पं आशुतोष गौतम शास्त्री के अनुसार शास्त्रों में शनि जन्मोत्सव पर शनिदेव की पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि से निवृत्त हो जाएं। इसके बाद शनि देव की मूर्ति पर तेल, माला और प्रसाद आदि अर्पित करें।

# नाबालिग से दुष्कर्म और फर्जी दस्तावेज बनाकर शादी करने वाले आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

**जगदीश प्रसाद मांण्डले**

**पीपुल्स प्रवक्ता,बनखेड़ी।**

नर्मदापुरम जिले के पिपरिया न्यायालय ने नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म और फर्जी दस्तावेज तैयार कर शादी करने के मामले में आरोपी कन्हैया को कठोर सजा सुनाई है। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश पिपरिया श्रीमती अर्चना रघुवंशी की अदालत ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत 20 वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में भी आरोपी को अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई है। न्यायालय ने धारा 366 में 3 वर्ष, धारा 467 में 7 वर्ष, धारा 468 में 5 वर्ष तथा धारा 471 में 2 वर्ष के कारावास के साथ अर्थदंड भी लगाया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक चौधरी विक्रम सिंह और बाबूलाल काकोड़िया ने प्रभावी पैरवी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घटना 5 फरवरी 2023 को हुई थी, जब पीड़िता के पिता ने आरक्षी केंद्र पिपरिया में अपनी नाबालिग बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिवार द्वारा रिश्तेदारों और आसपास तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस की जांच में बाद में सामने आया कि आरोपी कन्हैया पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर जांच को आगे बढ़ाया। विवेचना के दौरान पुलिस ने पीड़िता को दस्तयाब कर उसके बयान दर्ज किए। पीड़िता ने बताया कि आरोपी कन्हैया ने उसके दस्तावेजों में जन्मतिथि बदलकर उसे बालिग दिखाया और फर्जी दस्तावेज तैयार कर शादी कर ली। आरोपी उसे अपने साथ मंडीदीप ले गया, जहां उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने जन्मतिथि में कूटरचना कर मिथ्या दस्तावेज तैयार किए।




### कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण



**पीपुल्स प्रवक्ता अनुपपुर।**

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज जिला चिकित्सालय पहुंचकर क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईसीयू कक्ष, नेत्र कक्ष, बेड की उपलब्धता एवं चिकित्सा उपकरणों की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर श्री पंचोली ने स्वास्थ्य अधिकारियों से मरीजों को बेहतर उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, सिविल सर्जन डॉ. परस्ते, डॉ. एस सी राय सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।